प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक में कहा–2047 तक विकसित भारत प्रत्येक भारतीय की महत्वाकांक्षा।
2. रांची के जमीन कारोबारी कमलेश को पीएमएलए कोर्ट ने आठ अगस्त तक के लिए भेजा जेल, ईडी के रिमांड आवेदन पर सोमवार को होगी सुनवाई।
3. दल–बदल कानून के तहत विधायकी खत्म होने पर अदालत पहुंचे लोबिन हेम्ब्रम ने कहा–एक ही अपराध के लिए चमरा लिंडा को माफी और उन्हें दी गई सजा।
4. खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा–आम बजट में प्रस्तावित प्रशिक्षण योजना से पांच साल में चार करोड़ युवाओं को मिलेगा कौशल विकास का अवसर।

और

5. सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता में आज झारखंड ने पश्चिम बंगाल को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सन 2047 तक विकसित भारत प्रत्येक भारतीय की महत्वाकांक्षा है। नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों से सीधे जुड़े होने के कारण राज्य इस उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी और भू–राजनीति तथा अवसरों के लिए परिवर्तन का दशक है।

****

ईडी ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। अदालत ने कमलेश कुमार को आठ अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। मामले में ईडी की ओर से रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया गया है। रिमांड पर अदालत सोमवार को सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि जमीन घोटाला से जुड़े मामले में ईडी ने कल पूछताछ के बाद कमलेश को गिरफ्तार किया था।

****

दल–बदल मामले में विधानसभा सदस्यता खत्म किए जाने के विरोध में पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने हाईकोर्ट में आवेदन दिया है। उन्होंने हाईकोर्ट से अपील की है कि झारखंड विधानसभा में जनहित के मुद्दों पर शामिल होने के लिए उनकी सदस्यता बहाल की जाए। रांची में आयोजित एक प्रेसवार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ ही निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले चमरा लिंडा को माफी दे दी गई, जबकि उन्हें दोषी करार देते हुए उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई।

****

खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि हाल ही में पेश हुए आम बजट में प्रस्तावित प्रशिक्षण योजना पांच साल में चार करोड़ से अधिक युवाओं को कौशल विकास का

अवसर प्रदान करेगी। मीडिया से बातचीत में श्री मांडविया ने कहा कि शीर्ष कंपनियों के प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव से युवाओं में कौशल और रोजगार क्षमता में सुधार होगा। बारह महीनों की प्रशिक्षण अवधि के दौरान युवाओं को एकमुश्त छह हजार रूपये के साथ–साथ पांच हजार रूपये प्रतिमाह दिये जाएंगे।

****

भारत रत्न जेआरडी टाटा की 125वीं जयंती जमशेदपुर में धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस मौके पर टाटा स्टील के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने बताया कि जेआरडी टाटा की जयंती पर एयर मॉडलिंग का भी आयोजन किया गया है। चूंकि जेआरडी टाटा भारत के प्रथम पायलट थे और टाटा ग्रुप ने ही देश में एयरलाइन की शुरुआत की थी, इसलिए बच्चों में जागरुकता लाने के लिए कंपनी प्रत्येक वर्ष एयर मॉडलिंग शो का आयोजन करती है।

****

खेती बारी के लिए कोडरमा के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेने की सलाह दी जा रही है, ताकि उन्हें सूदखोरों के चुंगल से बचाया जा सके।

****

गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड स्थित पारसनाथ स्टेशन जाने वाली सड़क की स्थिति बदहाल है। इसका निर्माण नहीं कराये जाने के विरोध में आज जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी और मुखिया रीना देवी के नेतृत्व में महिलाओ ने सड़क पर धनरोपनी कर दी।

****

असम के गुवाहाटी में 24 से 31 जुलाई तक चल रही द्वितीय हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड की पुरुष टीम ने पश्चिम बंगाल को 9–0 से हरा दिया। झारखंड के सिमोन डोडराय को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। झारखंड टीम की लगातार तीसरी जीत पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

********समाप्त********